सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 237 | इंदौर, गुरुवार 13 मार्च, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# कोई नया टैक्स नहीं गरीबों को कई सौगातें

## उद्योगों को 30000 करोड़ का इंसेंटिव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश विधानसभा में मोहन यादव सरकार की ओर से आज बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया गया। सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री देवड़ा ने बजट भाषण की शुरुआत कविता से की। उन्होंने कहा- यही जुनून, यही एक ख्वाब मेरा है, वहां चिराग जला दूं जहां अंधेरा है...जनता और जनप्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं, कर सकें हम सब पूरी, ये हमारी कोशिशें हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2025-26 का बजट जोरी बेस्ट बेस्ड प्रक्रिया से तय किया है। सरकार का लक्ष्य विकसित मध्य प्रदेश है।**





### कोई नया टैक्स नहीं

सरकार की ओर से काई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। टैक्स की सभी प्रक्रिया को पहले जैसा ही रखा गया है। 2025-26 के बजट में प्रदेशवासियों के लिए यह सबसे बड़ी राहत है।

### तीन लाख से अधिक को रोजगार का दावा

2025-26 का वर्ष सरकार 'उद्योग और रोजगार वर्ष' के रूप में मनाएगी। प्रदेश में 14 हजार 500 एकड़ भूमि पर 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है। इन उद्योगों के जरिए तीन लाख से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे।

सरकार ने स्टार्टअप नीति 2025 लागू की, जिससे 10 हजार स्टार्टअप स्थापित होने की संभावना है।

### लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा

प्रदेश की लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने की घोषणा की गई है। इसके अलावा लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना और अटल पेंशन योजना से भी जोड़ा गया है। 1.27 करोड़ लाडली बहनों के लिए 18 हजार 669 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### उद्योगों को 30 हजार करोड़ का इंसेंटिव

उद्योगों की स्थापना और विस्तार के लिए प्रोत्साहन नीतियों के तहत इंसेंटिव दिए जाने का भी एलान किया गया है। इससे भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सरकार की ओर से पांच साल में उद्योगों को करीब 30 हजार करोड़ का इंसेंटिव दिया जाना प्रस्तावित है, जबकि इस साल इंसेंटिव के लिए तीन हजार 250 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह पिछले साल से 551 करोड़ अधिक है।

### गरीबों को योजनाओं का पैकेज देगी सरकार

बजट में 'मुख्यमंत्री समृद्ध परिवार योजना' की घोषणा की गई। इसके तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने वाले परिवारों को एक-दो योजनाओं की जगह, उनकी पात्रता अनुसार योजनाओं का पैकेज दिया जाएगा।

### किसानों के क्या खास?

बजट में फसल बीमा योजना के लिए 2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सीएम किसान कल्याण योजना के लिए पांच हजार 220 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, धान पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 850 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### उज्जैन सिंहस्थ के लिए क्या मिला?

2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ को लेकर सरकार की ओर से बजट में दो हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे सिंहस्थ को लेकर हो रही तैयारियों में और तेजी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ के कई काम लगातार हो रहे हैं, 2028 तक सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे। बजट में लगातार इसके प्रावधान किए जा रहे हैं, इस बजट में 2000 करोड़ दिए जा रहे हैं।

### प्रदेश की रफ्तार बढ़ाने का लक्ष्य

सड़कों और पुलों के निर्माण एवं संधारण के लिए वर्ष 2025-26 में 16 हजार 436 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है, जो वर्ष 2024-25 से 34 प्रतिशत अधिक है। बजट में नई योजना का ऐलान किया गया है, क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण योजना बनाई है। इस योजना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना प्रारंभ की जा रही है, इसके लिए इस बजट में 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बजट में बताया गया कि अगले पांच सालों में एक लाख किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पांच सालों में 500 रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इस साल 3500 किलोमीटर नवीन सड़कें और 70 पुल बनाए जाने का लक्ष्य है।

# धार में सड़क हादसे में पांच की मौत

◆ गलत दिशा में आ रहे गैस टैंकर ने कार और पिकअप को मारी टक्कर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के धार जिले में बड़ा हादसा हो गया। गलत दिशा में आ रहे अनियंत्रित गैस टैंकर ने कार और पिकअप को टक्कर मार दी, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह चपटी हो गई और लोग उसी में फंसे रह गए। पिकअप में भी लोग फंसे रहे, जिन्हें निकालने क्रेन की मदद से ली गई। हादसे में चार लोग गंभीर घायल भी हुए हैं। माना जा रहा है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

जानकारी के मुताबिक हादसा बुधवार रात धार जिले से गुजर रहे नवनिर्मित बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर हुआ है। पुलिस ने बताया कि धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर रॉन्ग साइड से आ रहे गैस टैंकर ने एक कार और पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में एक की मौत और हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में बैठे कुछ लोग उछलकर दूर जा गिरे तो कुछ लोग कार में बुरी तरह फंस गए। बाहर गिरे लोगों की मौत हो गई। अंदर फंसे लोगों में से कुछ ने दम तोड़ा है। हादसे के वक्त तीन लोग अब भी टैंकर और पिकअप में फंसे हुए थे, जिन्हें निकालने के लिए क्रेन की मदद ली जा रही थी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार सभी मृतक मंदसौर जिले के सीतामऊ व नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। जो इंदौर से उज्जैन होते हुए मंदसौर लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर और टीआई अमित सिंह कुशवाह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा है। वहीं गाड़ी में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश की जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज के बेटे का रिसेप्शन में संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बडे बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान की शादी के बाद आज भोपाल के जंबूरी मैदान पर रिसेप्शन का कार्यक्रम शुरू हो चुका है। वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए स्टेज पर जाने वालों की लाइन लगाई गई हैं। समारोह में आशीर्वाद देने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत पहुंचे बीजेपी के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक सचिन बिरला, छाया मोरे, मंत्री कृष्णा गौर और संपतिया उइके आशीर्वाद देने पहुंची।

### अवकाश की सूचना

होली की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नेहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 14 मार्च 2025 को होली के उपलक्ष्य में डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा।

- संपादक

# रंगपंचमी के लिए इमारतों पर तिरपाल लगना शुरू
# कलेक्टर ने टोरी कार्नर को दिए 2 लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

इंदौर। उत्साह, उमंग, हुड़दंग ओर मस्ती का त्यौहार होली कल है। शहर भर में फाग उत्सव का दौरा एक सप्ताह से जारी है। अब रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर के रंगों से बचाने के लिए अब ऐतिहासिक इमारतें, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ-साथ गेर मार्ग की इमारतों पर तिरपाल लगाई जा रही है। राजबाड़ा, खजूरी बाजार, गौराकुंड, मालगंज, पिपली बाजार, राज मोहल्ला, कृष्णपुरा छत्री, आदि प्रमुख बाजारों में मुख्य इमारत, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, हाईराइज बिल्डिंगों पर रंग गुलाल से बचाव के लिए तिरपाल से ढका जा रहा है। वहीं कलेक्टर आशीष सिंह ने टोरी कॉर्नर की गेर के लिए 2 लाख रुपए की राशि मंजूर की है।





इंदौर शहर में रंगपंचमी का उत्साह प्रदेश घर में जाना जाता है। यहां पर निकलने वाली फाग यात्राएं और गैर रंगों से सराबोर रहती हैं। 20 से 30 फीट ऊपर और आगे पीछे तक मशीनों से रंग गुलाल उड़ाया जाता है, हजारों लोग इन यात्रा में शामिल होते हैं, इमारत को रंगों से बचने के लिए ट्रिपल से ढकने का काम शुरू हो गया है, यह क्रम दो दिनों तक और चलेगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने टोरी कॉर्नर की गेर निकालने के लिए आर्थिक सहयोग के रूप में जिला प्रशासन की ओर से 2 लाख की राशि मंजूर की है। इस राशि का चेक भी कल शाम को ही हाथों-हाथ बनकर तैयार हो गया। पुलिस और जिला प्रशासन के द्वारा कल शाम को कलेक्टर कार्यालय में रंग पंचमी के पर्व पर परंपरागत रूप से इंदौर से निकलने वाली गैर के लिए गैर संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में हमेशा की तरह गेर को समय पर निकालना, निश्चित क्रम के अनुसार ही गेर निकालना, गेर में होने वाली अभद्रता को रोकने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस चर्चा के दौरान गेर संचालकों के द्वारा भी अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखी गई। इसी क्रम में टोरी कॉर्नर की गेर के संचालक शेखर गिरी ने कहा कि गेर निकालने में बहुत ज्यादा आर्थिक समस्या आ रही है। जिस तरह से अनंत चतुर्दशी की परंपरा को कायम रखने के लिए आर्थिक सहयोग शुरू किया गया है, वैसा ही सहयोग गेर की परंपरा के लिए भी शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे लिए तो समस्याएं बहुत ज्यादा है। चंदा मिलता नहीं है। उनकी इस समस्या को सुनकर कलेक्टर ने बाकी गेर संचालकों से इस बारे में जानकारी ली। बाकी जितने भी गेर हैं उन सभी के संचालक राजनीतिक तौर पर सत्ता वाली पार्टी बीजेपी से जुड़े हुए हैं। केवल टोरी कॉर्नर एक गेर है जिसके संचालक कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। शेष सभी गेर के संचालकों ने कहा कि उनके सामने ऐसी कोई आर्थिक समस्या नहीं है। उनके पास में चंदा भी अच्छा हो जाता है और उन्हें किसी तरह के सहयोग की आवश्यकता नहीं है। सभी गेर संचालकों की बात सुनने के बाद कलेक्टर के द्वारा तत्काल टोरी कॉर्नर गैर का आयोजन निर्बाध रूप से हो सके इसके लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के फंड से 2 लाख की सहायता देने का ऐलान किया गया। इसके बाद कुछ घंटे में ही इस सहायता के लिए चेक भी बनकर तैयार हो गया।

## हिन्द रक्षक संगठन का फाग महोत्सव में राधा-कृष्ण के भजनों पर झूमे लोग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

**इंदौर। हिन्द रक्षक संगठन द्वारा आयोजित फाग महोत्सव में भक्तिमय माहौल बन गया। मुकुट मांगलिक परिसर में केसरिया रंग की छटा बिखरी रही।**

भजन गायक सुरेश शर्मा ने अपनी मधुर आवाज में राधा-कृष्ण के भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'फागुन आयो रे', 'मस्ती छायो रे' और 'होली खेले रघुबीरा अवध में' जैसे भजनों पर हजारों महिलाएं झूम उठीं। कार्यक्रम में महिलाओं ने एकलव्य सिंह गौड़ के साथ फूलों और टेसू के रंग से होली खेली। समारोह का विधिवत शुभारंभ हिन्द रक्षक परिवार के वरिष्ठ सदस्यों गिरधारीलाल शर्मा, श्याम राजदेव, रवीन्द्र सिंह गौड़, हरीश डावानी, ब्रह्मानंद पटवारी और माखन मंडले द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

## नर्मदा एक्सटूशंस लिमिटेड के 3 कर्ताधर्ताओं पर एफआईआर

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने नर्मदा एक्सटुशंस लिमिटेड के तीन कर्ताधर्ताओं पर 10 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक कच्चा माल बुलाने के बाद पेमेंट नहीं करने पर रिलायंस इंड्रस्ट्रीज के डेल क्रेडर एजेंट ने शिकायत दर्ज की थी। फिलहाल मामले में जांच कर रही है। क्राइम ब्रांच ने जेबीबी मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ऋषभ सचदेवा निवासी मीराकुंज जाय पलासिया की शिकायत पर प्रवीण मितल, प्रणव मितल और वरुण मितल निवासी खजराना कोठी के खिलाफ 10 करोड़ 94 लाख से अधिक की राशि की धोखाधड़ी किए जाने के मामले में केस दर्ज किया है। जेबीबी मार्केटिंग के डायरेक्टर ऋषभ सचदेवा ने बताया लायंस पेट्रो केमिकल्स डिवीजन के डेल क्रेडर के लिए मैं एजेंट का काम करता हूं। जिसके तहत पोलीक्रोन और पोलीयान की आपूर्ति अपने ग्राहकों को करता हूं। मैंने मितल बंधुओं को करोड़ों का माल 2021 से सप्लाई किया है। उन्होंने माल रिलायंस इंड्रस्ट्रीज से बुलवाया था। जिसका पेमेंट उन्होंने कंपनी को कर दिया। लेकिन, उन्होंने मेरा पेमेंट नहीं किया। जिसका ब्याज मुझे भरना पड़ रहा है।

# होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य पदार्थों के जांच हेतु लिए गए नमूने

**जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, खाद्य पदार्थों की त्वरित जाँच कर मौके पर उपलब्ध कराई गई जाँच रिपोर्ट**





### ईट राइट इंदौर के अंतर्गत लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में होली त्यौहार के मद्देनजर उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा अभियान प्रारंभ किया गया है। अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाईयां की जा रही है। इसी के साथ-साथ आमजन एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जाँच करने के आसान तरीकों से अवगत कराने के लिये प्रशिक्षित एवं जागरूक भी किया जा रहा है।**

**होली त्यौहार को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा जांच हेतु नमूने लिए गए-** अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के तीन दल बनाकर होली त्यौहार को लेकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की विशेष निगरानी हेतु आदेशित किया गया। जिसके परिपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा खाद्य पदार्थों के 16 नमूने जॉच हेतु लिये गए। जिसके अंतर्गत श्रीनाथ स्वीट्स नमकीन बेकरी छावनी से मावा पेड़ा व मिल्क केक, श्रीजी नमकीन आरएनटी मार्ग से रतलामी सेव व बेसन, श्री कृष्णा दूध दही भंडार छावनी से पनीर व घी, एम.एम.बी होटल प्राइवेट लिमिटेड छावनी से मावा बर्फी व बेसन लड्डू, जैन मिठाई भंडार एंड नमकीन देपालपुर से मलाई बर्फी व दूध कतली, आराध्या स्वीट्स देपालपुर से मलाई बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए गए।

### बेटमा में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बेटमा में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (Food Safety On wheels) की सहायता से जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में आमजन एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के आसान तरीकों से जागरूक एवं प्रशिक्षित किया गया। साथ ही खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों के निर्माण में फोर्टिफाइड फूड का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही खाद्य कारोबार कर्ताओं के लिए ग्राम बेटमा में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया।

### खाद्य पदार्थों मौके पर की गई जांच

एफएसडब्लू की सहायता से ग्राम बेटमा स्थित विभिन्न दुकानों से लगभग 25 नमूने लिए जाकर खाद्य पदार्थों की जांच मौके पर ही की गई तथा विक्रेताओं को जांच रिपोर्ट तुरंत प्रदान की गई ।

### विस्तृत जांच हेतु सैंपल भेजे भोपाल

चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल के द्वारा लिए गए सभी 16 नमूने विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जायेगा।

# मांगलिया स्थित एचपीसीएल प्लांट को बम से उड़ाने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के मांगलिया स्थित एचपीसीएल प्लांट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल मिलने के बाद प्रशासन अलर्ट पर आया है। जांच शुरू कर दी है। एसडीएम घनश्याम धनगर के साथ बम स्क्वाड की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। बता दें कि इससे पहले भी 4 फरवरी को इंदौर के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसमें भी डीएमके के नाम का जिक्र था, आज एचपीसीएल को बम से उड़ाने की धमकी में डीएमके के नाम का जिक्र है।



मांगलिया इलाके स्थित एचपीसीएल प्लांट को बुधवार सुबह 10.26 बजे एक इमेल पहुंचा। यह इमेल silambar-asan_rajendra@outlook.com एड्रेस से आया था। भेजने वाले ने इसे एचपीसीएल के ऑफिशियल ईमेल एड्रेस CorpHqo@hpcl.in, dmindore@nic.in, nookeshbk@hpcl.in पर भेजा गया था। इस इमेल को इंदौर कलेक्टर को भी भेजा गया है। इतना ही नहीं मेल में चौंकाने वाली बात ये है कि इसकी सीसी sho.banigala@islamabadpolice.gov.pk यानी पाकिस्तान की इस्लामाबाद पुलिस को भेजा गया है। यह इमेल आते ही प्रशासन अलर्ट हो गया और प्लांट पर बाहरी व्यक्तियों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया। पुलिस फोर्स मेन गेट सहित प्लांट के अंदर तैनात कर दिया गया है। प्लांट के हर हिस्से की बारीकी से जांच की जा रही है।

यह लिखा है मेल में... एचपीसीएल स्टाफ, इस पवित्र दिन पर, इंदौर में एचपीसीएल प्लांट एक महत्वपूर्ण घटना का गवाह बनेगा- एक गंभीर पाइप ब्लास्ट घटना। यह कार्य अफजल गुरु की अन्यायपूर्ण फांसी की याद में किया जाता है, इतिहास का एक ऐसा क्षण जो कई लोगों के दिलों पर भारी पड़ता है। हम अपने सर्वशक्तिमान के नाम पर एक बचाव अभियान चलाने का साहस करते हैं। सप्ताहांत में, इस दिन की तैयारी के लिए पूरे प्लांट में EFP (एक्सप. फॉर्मेड पेनेट्रेटर) रणनीतिक रूप से लगाए गए हैं। अन्य स्वदेशी सामग्रियों के साथ-साथ मैकेनिकल विभाग के भीतर सावधानीपूर्वक विकसित किए गए फ़्यूज़िंग सिस्टम को पवित्र ऑपरेशन के लिए हासिल किया गया है। पाइप ब्लास्ट जैसी महत्वपूर्ण घटना के गवाह बनें। यह कार्य अफजल गुरु की अन्यायपूर्ण फांसी की याद में किया जाना है। यह ब्लास्ट इतिहास का एक ऐसा क्षण बनेगा जो कई लोगों के दिलों पर भारी पड़ेगा। हम अपने सर्वशक्तिमान के नाम पर यह साहस कर रहे हैं। इस दिन की तैयारी के लिए EFP (एक्सपेक्टेड फॉर्मेड पेनेट्रेटर) को पूरे प्लांट में रणनीतिक रूप से रखा गया है। फ्यूजिंग सिस्टम, इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में हमने पूरी मुस्तैदी से देशी डिवाइस को फिट कर दिया है। हमारा अंतिम लक्ष्य स्वर्ग को देखना है, और हम फिर से उठेंगे! हाँ, हम आज डिवाइस को सक्रिय करने वाले लोग होंगे। ऑपरेशन पूरा होने के बाद, हमारे हिंदू नाम रिकॉर्ड में चढ़ेंगे, और हम शहादत प्राप्त करेंगे। बिलाल, अगर आप यह पढ़ रहे हैं, तो आज के दिन आप जानते हैं कि क्या करना है। अधिक जानकारी के लिए, DMK अरिवालयम के सेंथिल बालाजी से संपर्क करें।हमने उन्हें एक गुलाबी लिफाफा भेजा है जिसमें हमारी कहानी के साथ-साथ DMK परिवार की भागीदारी के सबूतों के साथ वीडियो हैं।

**अल्ला-हू-अकबर-** एसडीएम घनश्याम धनगर ने कहा...आज सुबह एचपीसीएल प्लांट को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें प्लांट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। सूचना मिलते ही एंटी-बम स्क्वॉड टीम ने पूरे प्लांट की जांच की। तलाशी के दौरान परिसर में कोई भी विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। सुरक्षा के मद्देनजर सभी कर्मचारियों को प्लांट से बाहर रखा गया है।

## प्रेमी पर बंधक बनाकर दिल्ली सहित कई शहरों में रेप का आरोप



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया पुलिस ने शादीशुदा महिला की शिकायत पर उसके पूर्व परिचित के खिलाफ दुष्कर्म और बंधक बनाकर रखने का केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पीड़िता के पति ने करीब 9 महीने पहले उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तब वह घर से 3.5 लाख रुपए कैश और 10 लाख रुपए के गहने लेकर चली गई थी। मायके वालों ने उसकी तलाश की, तब पूरी घटना का खुलासा हुआ।**

कनाड़िया पुलिस ने 22 वर्षीय महिला के बयान के आधार पर विनय उर्फ विवेक पुत्र ब्रजेश चौहान, निवासी मैनपुरी, उत्तर प्रदेश के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। पीड़िता की गुमशुदगी पहले ही दर्ज की जा चुकी थी। उसके पिता ने उसे ढूंढ़कर ससुरालवालों को सूचना दी। जब पुलिस ने पीड़िता के बयान लिए, तो उसने विवेक द्वारा किए गए अत्याचारों की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पीड़िता आरोपी विवेक को पहले से जानती थी। 2022 में शादी से पहले, जब वह जयपुर में पढ़ाई कर रही थी, विवेक वहीं कॉलेज के पास बस कंडक्टर का काम करता था। इस दौरान दोनों के बीच दोस्ती और प्रेम संबंध बन गए। शादी के बाद पीड़िता ने विवेक से संपर्क बंद कर दिया। लेकिन डेढ़ साल बाद जब विवेक को उसका नया मोबाइल नंबर मिला, तो उसने दोबारा बातचीत शुरू कर दी। इसके बाद विवेक महिला को नोएडा ले गया। फिर दिल्ली के बुराड़ी इलाके में किराए का कमरा लेकर रखा। कुछ समय बाद उसकी मां आगरा चली गई, जबकि पीड़िता वहीं रही। इस दौरान उसके पिता लगातार उसकी तलाश कर रहे थे और आखिरकार वे बुराड़ी पहुंचे। यहां से बेटी और उसके बेटे को लेकर जयपुर लौट गए। बाद में उन्होंने ससुरालवालों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता को इंदौर बुलवाकर पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया और आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धोखाधड़ी और बंधक बनाने जैसी धाराओं 64, 64(2)(m),351(2) में केस दर्ज कर लिया।

# तेज रफ्तार ने ली छात्र की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राउ सर्कल पर देर रात हुए सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने मृतक छात्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा है। बताया जा रहा है कि यह हादसा तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने के दौरान हुआ, जिससे दोनों छात्र बाइक समेत डिवाइडर से टकरा गए।**

राउ पुलिस के अनुसार, यह हादसा रात करीब दो बजे हुआ। मृतक की पहचान 18 वर्षीय अभिनव वर्मा के रूप में हुई है, जो नंद विहार कॉलोनी का निवासी था। उसका दोस्त भी इस हादसे में घायल हुआ है, जिसे चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, अभिनव और उसका दोस्त देर रात चाय पीने के लिए एक कैफे गए थे। वहां से लौटते समय उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति से आ रहे एक अन्य बाइक सवार को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। अभिनव गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था और परीक्षा की तैयारी कर रहा था। रात में पढ़ाई के बाद वह अपने दोस्त के साथ बाहर चला गया था। अभिनव के परिवार में उसके पिता नरेश वर्मा, जो पीथमपुर की एक निजी कंपनी में काम करते हैं, और एक बड़ा भाई अभय है, जो लॉ की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस के अनुसार, हादसे में घायल दूसरे छात्र को भी गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद दोनों छात्र सड़क पर घायल अवस्था में पड़े रहे। इस दौरान पास के एक कैफे संचालक ने उन्हें देखा और तुरंत अपनी कार से चोइथराम अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अभिनव की गंभीर हालत को देखते हुए उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया, जहां पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तेज रफ्तार बाइक सवार की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# सड़क पर खड़ी बुलेट में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। खड़े गणपति मंदिर के पास एक बुलेट में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। इधर दमकल को सूचना दी गई। लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। आग का कारण शार्ट सर्किट होना सामने आया है। घटना मल्हारगंज थाना इलाके के 15वीं बटालियन के पास की है। यहां बंशीवाला स्वीट्स के सामने



बुलेट में अचानक आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने आग पर पानी डालकर बुझाने की कोशिश की। काफी देर तक आग को बुझाने का प्रयास करते रहे। इसी दौरान लोगों ने फायर ब्रिगेड टीम को भी सूचना कर दी। लेकिन टीम के पहुंचने के पहले ही आग पर काबू कर लिया गया। बताया जाता है कि बुलेट सवार ने बुलेट वहां खड़ी की थी। जिसमें बैट्री के पास से अचानक धुआं निकला और गाड़ी ने आग पकड़ ली।

## निजी कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर से ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने एक निजी कॉलेज की असिस्टेंट महिला प्रोफेसर की शिकायत पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने उन्हें वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम पर संपर्क किया। इसके बाद यूट्यूब पर लाइक, सब्सक्राइब की रेटिंग के नाम पर ठगी की। इस मामले में जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की है। क्राइम ब्रांच के पास प्रियंका नाम की निजी कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर ने शिकायत की है। दो अज्ञात मोबाइल नंबरों के आधार पर क्राइम ब्रांच टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि दिसंबर 2023 में प्रियंका के वॉट्सऐप पर दूसरे नंबरो से मैसेज आए। जिसमें उन्हें बताया गया कि उन्हें लिंक के माध्यम से यूट्यूब पर लाइक, सब्सक्राइब की रेटिंग करना है। इस काम के रुपए मिलेंगे। लिंक पर क्लिक कर प्रियंका ने रेटिंग की। बाद में एक और लिंक आई। इस पर भी रेटिंग कर दी। बाद में मैसेज आया कि रुपए प्राप्त करने के लिए टेलीग्राम पर अर्मागुल से संपर्क करें। इस पर तीसरा टॉस्क दिया गया। जिसके बाद रुपए देने की बात कही गई। प्रियंका ने टेलीग्राम पर अर्मागुल से संपर्क किया। उसने यूपीआई आईडी और बैक की डिटेल मांगी। इस दौरान कुछ अमाउंट अकाउंट में आ गया। इसके बाद और टॉस्क करने पर कुछ और रुपए आए। बाद में टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। जिसमें एक प्लान सिलेक्ट करते हुए रुपए इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। अलग-अलग खातों में अमाउंट ट्रांसफर कराया गया। बाद में प्रॉफिट निकालने की बात पर कई बार पेमेंट डलवाया गया। वहीं क्रेडिट स्कोर और अन्य बातों में उलझाकर दिसंबर 2024 तक 7 लाख 75 हजार रुपए ठगे गए। इस मामले में पीड़िता ने जनवरी 2025 में शिकायत की। जिस पर क्राइम ब्रांच ने जांच करते हुए मंगलवार को केस दर्ज कर लिया।

## सराफा थाने में पदस्थ हेड कास्टेंबल ने फांसी लगाकर जान दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सराफा थाने में पदस्थ एक हेड कास्टेंबल ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह मल्हारगंज इलाके में सरकारी क्वार्टर में रहते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मल्हारगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना चौथी पल्टन की है। यहां रहने वाले नवीन शर्मा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिवार ने थाने पर जानकारी दी। पुलिस ने शव को एमवाय भेजा है। नवीन सराफा थाने में पदस्थ थे।जानकारी के मुताबिक नवीन कुछ दिनों से डिप्रेशन में थे। वह करीब 15 दिनों से ड्यूटी पर नही जा रहे थे। परिवार के मुताबिक उनकी तीन बेटिया है। वह 15 साल से पुलिस विभाग में पदस्थ है। कुछ साल पहले उन्होने आगर मालवा में ट्रांसफर करवा लिया था।

# कृष्ण पाथेय योजना पर खर्च होंगे दस करोड़

## गुजरात व राजस्थान सरकार भी करेगी मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन, मेवात, मालवा-निमाड़, गुजरात, राजस्थान की यात्राएं भी की। यह क्षेत्र पाथेय योजना में शामिल होंगे। इसका एक नक्शा भी तैयार हो रहा है। बजट में इस योजना के लिए सरकार ने दस करोड़ रुपये रखे है।**



मध्य प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कृष्ण पाथेय योजना पर काम कर रही है। इस योजना के लिए गुजरात और राजस्थान सरकार भी मदद करेगी। पाथेय पथ के नक्शे में मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान और गुजरात के श्रीकृष्ण से जुड़े स्थान भी शामिल होंगे। इस योजना में 3200 से अधिक कृष्ण मंदिरों का रखरखाव किया जाएगा। इस योजना की नोडल एजेंसी विक्रमादित्य शोधपीठ होगी। विशेषज्ञों के माध्यम से पाथेय का नक्शा तैयार होगा। प्रदेश के बाहर श्रीकृष्ण से जुड़े स्थल द्वारिका, अमरावती, मथुरा, सोमनाथ में सांस्कृतिक आयोजन होंगे। आपको बता दें कि भगवान श्रीकृष्ण ने मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ क्षेत्र की यात्राएं की है। वे बाल्यकाल में शिक्षा के लिए उज्जैन के सांदिपनी आश्रम आए थे। इसके बाद मित्रंविदा से विवाह के लिए आए। तीसरी यात्रा उन्होंने रुकमणि से विवाह के लिए की थी।भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन, मेवात, मालवा-निमाड़, गुजरात, राजस्थान की यात्राएं भी की। यह क्षेत्र पाथेर योजना में शामिल होंगे। इसका एक नक्शा भी तैयार हो रहा है। बजट में इस योजना के लिए सरकार ने दस करोड़ रुपये रखे है। श्रीकृष्ण से जुड़े धार्मिक स्थलों को विकसित किया जाएगा।योजना का केंद्र उज्जैन का सांदिपनी आश्रम होगा। यहां पर भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की थी। इस आश्रम में व्यवस्थित पार्किंग बनाई जाएगी। उज्जैन जिले के महिदपुर तहसील के नारायणा गांव को श्रीकृष्ण, सुदामा मैत्री स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा।बजट में राम पथ गमन और चित्रकूट के लिए भी 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## रीडर 5000 रुपये की घूस लेते गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार की रीडर को 5000 रुपये की घूस लेते गिरफ्तार किया है। महिला कर्मचारी ने पट्टे की जमीन में नाम की त्रुटि सुधारने के लिए 10 हजार रुपये मांगे थे। शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई की है।लोकायुक्त डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल ने बताया कि हाकम चौहान पुत्र भेरूलाल निवासी मादुपुरा खेड़ा खजूरिया ने तहसील कार्यालय में पट्टे की जमीन के नाम में त्रुटि में बदलाव करवाने के लिए आवेदन दिया था। इसके एवज में तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार की रीडर दीपा चेलानी द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। बुधवार को दीपा को प्रथम किश्त में 5000 रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। केस दर्ज जांच की जा रही है। कार्रवाई में निरीक्षक हिना डावर, प्रधान आरक्षक हितेश ललावत, आरक्षक मोहम्मद इसरार, संदीप कदम, नीता बेस, ऋतु मालवीय, अंजलि पुरानीया की भूमिका रही।

## पार्षद पर महिला नेता ने दर्ज कराया रेप केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बीना, एजेंसी**। बीना की खुरई नगरपालिका के गुरुनानक देव वार्ड के भाजपा पार्षद मनोज राय के खिलाफ भाजपा की महिला नेता ने दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। आरोपी मनोज एनएसजी का रिटायर्ड कमांडो भी है। शहरी थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा के मुताबिक भाजपा की महिला पदाधिकारी ने शिकायत में बताया कि मनोज राय ने घर छोड़ने की बात कहकर कार में बैठाया। अपने साथ बाइपास ले गया और वहां दुष्कर्म किया। इसके बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने यह घटना मार्च 2024 की बताई है। उसका आरोप है कि मनोज ने डरा धमकाकर कई बार संबंध बनाए। महिला ने यह बात अपने पति को बताई। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## मप्र में सड़कों पर नहीं दौड़ेंगे 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। बजट में 15 वर्ष आयु पूरी कर चुके सभी तरह के वाहनों को स्क्रैप कराना अनिवार्य किया गया है। पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फेसिलिटी(आरवीएसएफ) के तहत वाहनों का स्क्रैप कराया जा सकता है। यदि कोई शासकीय व निजी वाहन स्क्रैप कराता है तो उसे नया वाहन खरीदने पर टैक्स में छूट दी जाएगी।**



परिवहन विशेषज्ञ श्यामसुंदर शर्मा का कहना है कि इससे भोपाल सहित प्रदेश भर में बढ़ रहे वहनों की संख्या कमी आएगी। ट्रैफिक व्यवस्था ठीक होगी। साथ ही पेट्रोल, डीजल के ऐसे वाहन जिनकी उम्र 15 वर्ष हो चुकी है, वो स्क्रैप होने से पर्यावरण का संरक्षण हो सकेगा। कई ऐसे वाहन हैं, जो धुंआ छोड़कर वायु प्रदूषण फैलाते हैं। इससे आसपास का वातावरण अशुद्ध होता है, लेकिन इसमें वाहनों की स्थिति भी देखी जानी चाहिए। यदि वाहन टीक है तो उसे स्कैप के दायरे से बाहर किया जाए। कई ऐसे लोग होते हैं, जो आत्मीय रूप से वाहनों से जुड़ जाते हैं और उनके वाहनों की पीयूसी व फिटनेस ठीक रहती है। बजट में सबसे अच्छी बात यह है पुराने वाहनों को स्क्रैप कराकर नया वाहन खरीदने पर मोटरयान कर यानि टैक्स में छूट मिलेगी।परिवहन वाहनों में 15 प्रतिशत और गैर परिवहन वाहनों में 25 प्रतिशत तक की टैक्स में छूट देने का प्रविधान किया गया है।

## नर्मदा लिंक परियोजना का आयशर पलटा, दो की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी**। सीहोर के इछावर थाना क्षेत्र के रुपदी गांव में मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसा हुआ। नर्मदा लिंक परियोजना के लिए लोहे के पाइपों को ले जा रही एक आईसर गाड़ी अचानक पलट गई। गाड़ी में सवार दो मजदूर पाइपों के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गाड़ी में सवार मजदूर एलएनटी कंपनी के लिए काम कर रहे थे और परियोजना स्थल पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी तेज गति से जा रही थी और टर्निंग पर अनियंत्रित होकर पलट गई।हादसे की सूचना मिलते ही इछावर थाना पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए इछावर भेजा। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। एडिशनल एसपी सुनीता रावत ने बताया कि कुछ मजदूर गाड़ी के ऊपर रखे पाइपों पर बैठकर जा रहे थे। टर्निंग पर दो मजदूर पाइपों से फिसल कर गिर गए और गाड़ी के पहिए के नीचे आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## बजट जुमलों का पुलिंदा-जीतू पटवारी

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार के बजट 2025-26 को निराशाजनक और गुमराह करने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी और जुमलों का पुलिंदा है। इसमें न जनता की भलाई के ठोस प्रावधान हैं, न ही बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं का कोई समाधान है। पटवारी ने कहा कि बजट में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए कोई योजनाएं लाई गई हैं। गोपालक किसानों, एमएसएमई उद्योगों, स्टार्टअप्स के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि गरीबों को राहत नहीं, किसानों को उनकी फसलों के दाम नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं और महिलाएं असुरक्षित हैं। यह बजट केवल चुनावी एजेंडे के तहत दिखावटी योजनाओं से भरा हुआ है।

## मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बजट का किया स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज मध्यप्रदेश विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिये प्रस्तुत किये गये बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के नगरों के सुनियोजित विकास के लिये वचनबद्ध है।मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। विभाग के बजट में सिंहस्थ की तैयारी के लिये 2 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। विभागीय बजट की राशि को बढ़ाते हुए बजट में वर्ष 2025-26 के लिये 18 हजार 715 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। नगरीय क्षेत्र के नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी हुई सेवाएँ प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराई जायेगी।

## भोपाल-इंदौर मेट्रो के लिए ₹850 करोड़

### 139 करोड़ से व्यापमं समेत 3 जगहों पर बनेंगे फ्लाइओवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। भोपाल की बेहद व्यस्ततम सड़क लिंक रोड नंबर-1 के व्यापमं चौराहे पर 53 करोड़ रुपए से करीब पौन किमी लंबा नया फ्लाइओवर बनेगा। इससे वल्लभ भवन, जेल पहाड़ी आने-जाने वाले लोग बिना जाम में फंसे निकल सकेंगे। भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे पर फंदा के पास भी 37.70 करोड़ रुपए और सूखी सेवनिया के पास 48.58 करोड़ रुपए से दो नए फ्लाइओवर बनाए जाएंगे। बुधवार को मध्यप्रदेश के बजट में इन तीनों फ्लाइओवर को मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा करीब 300 करोड़ रुपए से 38 सड़कों का निर्माण भी होगा। इनमें ज्यादा सड़कें शहर की है। बाग सेवनिया स्थित राष्ट्रीय संस्कृति संस्थानम के पास ऑडिटोरियम एवं स्विमिंग पुल का निर्माण 20 करोड़ रुपए से होगा। बजट में इसे भी मंजूरी मिली है। शैतान सिंह चौराहा से मनीषा मार्केट, बंसल हॉस्पिटल, स्वर्ण जयंती पार्क, बावड़िया तिराहा से कोलार रोड तक निर्माण के लिए भू-अर्जन का कार्य 10.92 करोड़ रुपए से होगा। बजट के बाद मेट्रो की ब्लू लाइन (भदभदा से रत्नागिरी तक) का काम भी शुरू हो सकेगा।

## संपादकीय

### नहीं बन पा रही परिसीमन को लेकर एक राय

परिसीमन को लेकर राजनीतिक दलों में एक राय नहीं बन पा रही है। दक्षिण के राज्यों ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। डीएमके सांसद डीएम कथिर आनंद ने बुधवार को परिसीमन के लिए नए मानदंड की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी का रुख दोहराया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के प्रस्तावित जनसंख्या-आधारित परिसीमन के परिणामस्वरूप तमिलनाडु और अन्य दक्षिणी राज्यों को जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन के कारण सीटों का नुकसान होगा। दूसरी तरफ उनका कहा था कि उत्तरी राज्यों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार को केवल इसलिए सीटें मिलेंगी क्योंकि वे अपनी जनसंख्या को नियंत्रित करने में विफल रहे। सत्तारूढ़ पक्ष से, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मांग की कि परिसीमन का उपयोग राज्यों, विशेष रूप से झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए भी किया जाना चाहिए। डीएमके सदस्य आनंद ने जनसंख्या नियंत्रण वाले राज्यों में लोकसभा सीटों की संभावित कटौती के औचित्य पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने दो बच्चों की नीति से सिंगल चाइल्ड की नीति की ओर कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सरकार को परिसीमन करते समय केवल जनसंख्या ही नहीं, बल्कि आर्थिक प्रदर्शन और जीएसडीपी, प्रति व्यक्ति आय, बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे महत्वपूर्ण सूचकांकों पर भी विचार करना चाहिए। दुबे ने तर्क दिया कि 1973 के परिसीमन के दौरान तत्कालीन सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इसे जनसंख्या के आधार पर आयोजित करने पर जोर दिया। इससे यूपी और तमिलनाडु में लोकसभा सीटों की संख्या नहीं बढ़ी, लेकिन तत्कालीन 'कांग्रेस शासित' मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में यह बढ़ गई। दुबे ने कहा कि झारखंड के कई इलाकों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के बसने और उनमें से कई के आदिवासी लड़कियों से शादी करने और उनका धर्म परिवर्तन करने के कारण राज्य में आदिवासी आबादी कम हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि यह इतना ज़्यादा है कि जब 2008 में देश के बाकी हिस्सों में परिसीमन किया गया, तो झारखंड में ऐसा नहीं किया गया, ताकि आदिवासी आबादी में कमी के कारण आदिवासियों को एक लोकसभा और तीन विधानसभा सीटें खोने से बचाया जा सके।

धर्म-कर्म

# होलिका दहन पर भद्रा का साया, इन बातों का रखें ख्याल, जानें क्या करें क्या न करें

होलिका दहन को लेकर इस बार भद्राकाल होने के कारण होलिका दहन की तारीख को लेकर कंफ्यूजन बना हुआ है, भद्राकाल में होलिका दहन अशुभ माना जाता है, इसलिए यह समाप्त होने के बाद ही किया जाना चाहिए। इस काल में शुभ कार्य और आर्थिक लेनदेन से बचना चाहिए। आइए जानते हैं भद्राकाल में क्या करें क्या न करें।

होलिका दहन को लेकर इस बार कंफ्यूजन बना हुआ है। ऐसा भद्रा लगने के कारण हुआ है। दरअसल, 13 मार्च और 14 मार्च को होलिका पर्व मनाया जाएगा। मान्यता के अनुसार, भद्राकाल में होलिका दहन करना अशुभ माना जाता है। इसलिए भद्रा समाप्त होने के बाद ही होलिका दहन किया जाता है। बता दें कि इस बार होलिका दहन 13 मार्च को है। हालांकि, शास्त्रों के अनुसार, भद्राकाल में कुछ काम को करना वर्जित माना गया है। शास्त्रीय विधान के अनुसार, आइए जानते हैं भद्राकाल में क्या करें क्या न करें।



### ◆ भद्राकाल में क्या न करें

1. भद्राकाल को अशुभ समय माना गया है। ऐसे में कोशिश करें की जिस समय भद्रा लग रही हो उस समय में घर में बंधन नहीं दिया जाता है। यानी इस दिन नए घर का निर्माण नहीं कराना चाहिए और न ही छत डालने का काम करना चाहिए।
2. भद्राकाल में शादी और कोई भी शुभ कार्य न तो फाइनल करना चाहिए और न ही किसी शुभ कार्य का आयोजन करना चाहिए।
3. इसके अलावा व्यापार वर्ग के लोगों को इस दिन कोई भी नई डील फाइनल नहीं करनी चाहिए और न ही इस दिशा में कोई योजना आदि बनानी चाहिए।
4. भ्रदा काल में यात्रा नहीं करनी चाहिए। इस दौरान अपनी किसी धार्मिक यात्रा या कामकाज के सिलसिले में कोई भी यात्रा की शुरूआत न करें।
5. भद्राकाल में किसी भी प्रकार का आर्थिक लेनदेन नहीं करना चाहिए।
6. भद्राकाल में इस बात का विशेष ध्यान रखें की नया वाहन नया मकान या जमीन आदि न खरीदें।
7. भद्राकाल में क्या करें
8. होली पर भद्राकाल के दौरान भगवान विष्णु की पूजा मंत्रों का जप करना उत्तम फलदायी माना जाता है।
9. भद्राकाल में कुल देवी देवता और गुरु मंत्र का जप भी कर सकते हैं। इसी के साथ महामृत्युंजय मंत्र का जप शनि मंत्र का जप भी करना विशेष लाभकारी होता है।
10. होली पर भद्राकाल में अपनी बहन, मौसी बुआ को भी उपहार देने चाहिए। ऐसे करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं।
11. भद्राकाल में अगर किसी का अंतिम संस्कार करना पड़े तो शास्त्रीय विधान यह है कि कुश के पांच पुतले बनाकर उनका भी साथ में अंतिम संस्कार कर देना चाहिए। इससे भद्रा का दोष कट जाता है।

# होलिका दहन पूजा विधि, मंत्र और मुहूर्त



होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के दिन किया जाता है। साल 2025 में होलिका दहन की तिथि 13 मार्च है। शुभ मुहूर्त रात 11.26 बजे से 12.30 बजे तक है। माना जाता है कि होलिका दहन करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। परिवार के सभी सदस्यों को होलिका की परिक्रमा करनी चाहिए और होलिका की राख को शरीर पर लगाने का भी महत्व है।

होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के दिन किया जाता है। इस साल होलिका दहन की तिथि 13 मार्च है। होलिका दहन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो यह गुरुवार रात 11.26 बजे से देर रात 12.30 बजे तक है। इस दौरान होलिका दहन करें। होलिका दहन का त्योहार बुराई की अच्छाई पर जीत के प्रतीक के तौर पर मनाया जाता है। होलिका दहन के दौरान घर में सुख-संपत्ति की कामना की जाती है। मान्यता है कि होलिका दहन से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इसलिए पूरे श्रद्धा भाव से होलिका दहन किया जाना चाहिए। ध्यान रहे कि इस दौरान भद्रा नहीं होनी चाहिए।

### होलिका दहन की पूजन विधि

होलिका दहन के दिन सुबह जल्दी उठकर नहा धो लें। व्रत का संकल्प लेने के बाद होलिका दहन की तैयारी करें। जिस जगह पर होलिका दहन करना हो, उस जगह को साफ कर लें। यहां होलिका दहन की सारी सामग्री इकट्ठा कर लें। इसके बाद होलिका और प्रह्लाद की प्रतिमा बनाकर भगवान नरसिंह की पूजा करें। शुभ मुहूर्त के दौरान होलिका की पूजा करें और उसमें अग्नि दें। इसके बाद परिवार के साथ होलिका की तीन बार परिक्रमा कर लें। फिर नरसिंह भगवान से प्रार्थना करते हुए होलिका की आग में गेहूं, चने की बालियां, जौ, गोबर के उपले आदि डालें। इसके बाद होलिका की आग में गुलाल और जल चढ़ाएं। होलिका की आग शांत होने के बाद उसकी राख को घर ले जाएं। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। अगर आपके घर में वास्तु दोष है तो होलिका की राख को दक्षिण पूर्व दिशा (आग्नेय कोण) में रखें। इससे घर का वास्तु दोष दूर होता है। होलिका दहन की ज्वाला देखने के बाद ही भोजन करें।

### होलिका दहन के दिन क्या करें?

होलिका दहन के दिन बच्चों को लकड़ी की तलवार बनाकर दें। उन्हें दिनभर हंसने और खेलने दें। उन्हें उत्साही सैनिक बनाएं, ताकि वे साहसी बन सकें। होलिका दहन के दिन बच्चों को अलग-अलग प्रकार के पकवान खिलाएं। उन्हें पूड़ी, खीर, मालपुआ, हलवा और कचौड़ी आदि खाने के लिए दें। इससे पूरे साल घर में सुख, शांति और समृद्धि होती है। होलिका दहन के दिन हनुमानजी की पूजा करने का महत्व बताया गया है। इससे साल भर शुभ परिणाम मिलते हैं। इसके अलावा आज पूरे परिवार के साथ चंद्रमा के दर्शन करने चाहिए। मान्यता है कि इससे अकाल मृत्यु का भय दूर होता है।

Haryana

# हरियाणा के इन 9 शहरों में बनेंगे भाजपा के मेयर हुड्डा के गढ़ में भी हारी कांग्रेस; पूरे राज्य में जीरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के निकाय चुनाव में भाजपा को बंपर जीत मिली है। विधानसभा चुनाव के बाद यह इलेक्शन भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए ही परीक्षा जैसा था, जिसमें कांग्रेस फिर से फेल होती दिखी है। हालत यह रही है कि हरियाणा के कुल 10 नगर निगमों में से 9 पर भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं मानेसर नगर निगम में निर्दलीय मेयर प्रत्याशी डॉ. इंद्रजीत यादव विजयी रहे हैं। कांग्रेस का 10 में से किसी भी एक सीट पर खाता नहीं खुल सका है। इसके अलावा 21 नगर परिषदों के चुनाव में भी कांग्रेस को करारा झटका लगा है। सोनीपत, पानीपत, गुरुग्राम से लेकर फरीदाबाद तक में



भाजपा को जोरदार जीत मिली है। यहां तक कि जुलाना नगर पालिका के चेयरमैन का पद भी भाजपा ने जीता है। जुलाना विधानसभा से विनेश फोगाट ने जीत दर्ज की थी। आइए जानते हैं, किस सीट पर रहा क्या नतीजा...

भाजपा के राजीव जैन का सोनीपत में विक्ट्री मार्च

सोनीपत नगर निगम में हुए मेयर पद के उपचुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां भाजपा के राजीव जैन ने 34 हजार 749 मतों के अंतर से जीत हासिल कर ली है। वहीं, कांग्रेस के कमल दीवान 23 हजार 109 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जाट बहुल सोनीपत के शहरी इलाकों में भाजपा पहले से ही मजबूत रही है। अब एक बार फिर से उसने जीत दर्ज करके दिखाया है कि अब भी लोगों का भरोसा उस पर कायम है।

Uttarpradesh

## संभल पुलिस के बाद अब प्रशासन का बड़ा फैसला, होली के दिन 21 मस्जिदों पर तैनात रहेंगे लेखपाल



**संभल, (एजेंसी)** एक ही दिन होली और जुमे की नमाज को देखते हुए संभल प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए हैं. प्रशासन ने निर्णय लिया है कि होली के चौपाई जुलूस वाले रास्तों में पड़ने वाली जामा मस्जिद सहित 21 मस्जिदों पर लेखपालों की तैनाती की जाएगी. इसके साथ ही, जिले में एक हजार लोगों को पाबंद किया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके.वहीं जुलूस वाले रास्ते में पड़ने वाली जामा मस्जिद सहित 10 मस्जिदों को पन्नी और तिरपाल लगाकर ढका जाएगा. इस बात की जानकारी एएसपी श्रीशचंद्र ने दी. संभल में पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है. सुरक्षा की दृष्टि से राजस्व कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है. एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि 21 लेखपालों को मस्जिदों पर तैनात किया गया है, ताकि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा सके और किसी भी विवाद की स्थिति में तुरंत रिपोर्ट की जा सके. उन्होंने कहा, प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं. कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व कर्मियों और पुलिस बल को विशेष निर्देश दिए गए हैं. संभल प्रशासन ने एक हजार लोगों को पाबंद करने की कार्रवाई की है, जिससे त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे. पुलिस और प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने का फैसला किया है.

Chennai

## 17 साल के लड़के ने इमारत से बिल्डिंग से कूदकर दी जान, ऑनलाइन गेम की लत से था परेशान

**मदुरै, (एजेंसी)** तमिलनाडु के मदुरै में एक 17 साल के लड़के ने इमारत से कूदकर जान दे दी. अब तक की जांच में पुलिस इसके पीछे मोबाइल की लत को वजह मान रही है. हरिहरसुधन को ऑनलाइन गेम की लत थी जिसके कारण मानसिक परेशानी से पीड़ित होने के बाद उसने आत्महत्या कर ली. मणिकंदन के बेटे हरिहरसुधन ने अपनी 11वीं तक की पढ़ाई पूरी कर ली थी, लेकिन पिछले 1 साल से उसने स्कूल जाना बंद कर दिया था और लगातार घर पर ही रहता था. इस दौरान, वह ऑनलाइन गेम का बहुत आदी हो गया था और अपना ज्यादातर समय इन्हीं खेलों में बिताता था. माता पिता के रोकने के बावजूद वह इनमें गहराई से डूबा रहता था. दो दिन पहले, उसके माता-पिता ने छत से तेज आवाज सुनी. जब वे देखने के लिए ऊपर गए, तो उन्होंने देखा कि हरिहरसुधन ने अपना फोन तोड़ दिया था और वह छत से कूद गया था. कथित तौर पर अपनी जान लेने से पहले उसने अपने एक दोस्त से कहा था 'मेरे मां-पिता का ख्याल रखना.'

New Delhi

पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 13 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया अवैध तरीके से भारत में घुसे थे

**नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी है।**



पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के दक्षिणी जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जो अवैध तरीके से भारत में रह रहे थे। इन सभी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी है।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान इन बांग्लादेशियों के पास से कई अवैध कागजात भी बरामद किए हैं।

खेल

# रोहित शर्मा के नाम वनडे में ऐसा धांसू रिकॉर्ड, इस मामले में तेंदुलकर समेत तमाम सूरमाओं से आगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के नाम वनडे में सबसे ज्यादा 3 दोहरे शतक और सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर (264 रन) बनाने का रिकॉर्ड है। वहीं रोहित के नाम वनडे में एक खास रिकॉर्ड भी है। दरअसल, वनडे में कम से कम 5000 रन बनाने वाले ओपनर्स के बीच उनका सबसे ज्यादा औसत है। आइये, आपको बताते हैं उन 5 ओपनर्स के बारे में जिनका औसत 5000 वनडे रन बनाने में सबसे ज्यादा रहा है।





### रोहित शर्मा

भारत के रोहित शर्मा ने बतौर ओपनर 184 वनडे पारियों में 9138 रन बनाए हैं। उनका औसत इस दौरान 54.72 का रहा है। वह इस लिस्ट में एकलौते ऐसे ओपनर हैं जिनका औसत 50 (कम से कम 5000 रन) से ऊपर है। बतौर ओपनर हिटमैन 45 अर्धशतक और 30 शतक भी लगा चुके हैं।

### हाशिम अमला

साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने बतौर ओपनर 175 वनडे पारियों में 8083 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से 39 फिफ्टी और 27 सेंचुरी देखने को मिली है। अमला का औसत 49.89 का रहा है।

### सचिन तेंदुलकर

भारत के सचिन तेंदुलकर ने बतौर ओपनर एकदिवसीय फॉर्मेट में 340 इनिंग्स में 48.29 की एवरेज के साथ 15310 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 75 अर्धशतक और 45 शतक भी ठोके हैं।

### क्विंटन डि कॉक

साउथ अफ्रीका के क्विंटन डि कॉक ने बतौर ओपनर 151 पारियों में 46.30 की औसत से 6667 रन बनाए हैं। उनका एवरेज 46.30 का रहा है। उन्होंने 30 फिफ्टी और 21 शतक ठोके हैं।

### तिलकरत्ने दिलशान

श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने बतौर ओपनर 176 इनिंग्स में वनडे में 46.04 की एवरेज से 7367 रन बनाए हैं। दिलशान ने बतौर ओपनर 21 शतक और 34 अर्धशतक भी लगाए हैं।

सिनेमा

## आमिर खान ने रणबीर कपूर को रणवीर सिंह समझ लिया, भड़के एक्टर, बोले- 60 के हो गए हैं, सठिया गए हैं



रणबीर कपूर और आमिर खान का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में रणबीर और आमिर के अलावा भारतीय क्रिकेट टीम के कुछ सदस्य भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो की शुरुआत में आमिर गलती से रणबीर कपूर को रणवीर सिंह समझ लेते हैं। ऐसे में रणबीर भड़क जाते हैं और दोनों की लड़ाई होने लगती है। इस वायरल वीडियो की शुरुआम में आमिर खान एक पार्टी में रोहित शर्मा के साथ बातचीत कर रहे होते हैं और तभी ऋषभ पंत आते हैं। आमिर को लगता है कि ऋषभ उनके साथ सेल्फी क्लिक करने आए हैं, लेकिन ऋषभ से रिक्वेस्ट करते हैं कि वे उनकी रणबीर के साथ एक फोटो क्लिक करवा दें। आमिर, रोहित और ऋषभ को रणबीर के पास लेकर जाते हैं और कहते हैं, "ये है तुम्हारी पीढ़ी का सबसे बड़ा स्टार, रणबीर सिंह।" जब आमिर को बताया जाता है कि ये रणबीर कपूर है तब वह कहते हैं, "एक ही बात है यार, दोनों हैंडसम मुंडे हैं।" रणबीर भड़क जाते हैं और वहां से चले जाते हैं। रणबीर, हार्दिक पांड्या से कहते हैं, "ऐसे कैसे कपूर को सिंह बोल दिया? मैं उनको सलमान बुलाऊं तो?" आमिर कहते हैं, "उन्हें सलमान कहलाने में कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन वह अरबाज कहलाना नहीं चाहेंगे।"

## Highlights

1. Locals protest after 25-day-old baby dies during police raid in Rajasthan
2. EC asks officials to link Aadhaar with electoral roll data: Report
3. Denied right to sleep: Actress Ranya Rao in bail plea in gold smuggling case
4. Hope you'll invite me for your 4th swearing-in ceremony as PM: Mauritius PM to PM Modi
5. What are the key agreements signed between India & Mauritius?

# Ola Electric claims cost reduction program will save ₹90 crore a month, achieve EBITDA break even for next quarter

**NEW DEIHI, (Agency).** Ola Electric announced on Wednesday that it has successfully finished implementing a company-wide cost cutting program, resulting in savings of ₹90 crore a month.

Dubbed the Network Transformation and Opex Reduction Program, its actions include shutting regional warehouses and shipping vehicles, spare parts and accessories from the factory directly to stores, as well as automating registrations and other processes.

The company said that as a result, it expects to break even on Earnings Before Interest, Taxes, Depreciation and Amortization (EBITDA) for the next quarter, which is the first quarter of the financial year 2025-26.



It also added that this has resulted in reducing the average vehicle inventory to 20 days from approximately 35 days, and also reducing the delivery time for customers from 12 days to 3-4 days.

The new changes in the vehicle registration process in particular are in the final stages as of now, according to the company's statement.

The announcement comes at a time when the company has been facing a myriad of issues such as transport authorities across various states conducting raids, closing showrooms, seizing vehicles and sending show-cause notices due to the stores for allegedly not having trade certificates.

# Xiaomi's new ad takes on Apple's most advanced iPhone yet: 'Was it ever really the best?'

**NEW DEIHI, (Agency).** In its latest move to prove the quality of its products, Chinese smartphone brand Xiaomi released an advertisement that has gone viral online. The new advertisement takes a direct shot at Apple's iPhone.

It compares Apple's most advanced iPhone yet - the iPhone 16 Pro Max - with Xiaomi's latest smartphone - Xiaomi 15 Ultra.

It called the iPhone's came "cute" while highlighting its own phone's four-camera setup. "If you never questioned it, was it ever really the best? Maybe it's time to see through the right lens," Xiaomi's advertisement read.




'That camera actually has a good phone'

Sharing the advertisement on Reddit, a user wrote, "Xiaomi's insane take on Apple. Damn." One of the top rated comments on the post read, "That camera actually has a good phone," while another user reacted to the comment saying, "My friend is planning to buy this camera and getting a phone for free."

"Xiaomi forgot that 90% people buy it for 'cute'. Its only the 10% camera enthusiasts who don't mind that gas stove on their phone," a user said.

"It does not matter if you stick Hubble telescope to your phone. If your operating systek is s**t, I am not buying it," a third user commented while a fourth said, "Only thing holding me from using Apple products - the s**ta** jail of an operating system that will not let me do basic s**t."

A user highlighted issues with Xiaomi phones and said, "Problem is Xiaomi phones, after 1.5-2 years, get handicapped while my father's iPhone is still going from the last eight years."

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक